an>

Title: eed to establish a Kendriya Vidyalaya in Amreli district, Gujarat.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) ः मेरे निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत जिला अमरेली में वर्तमान में कोई केन्द्रीय विद्यालय नहीं है। परिणामस्वरूप छोटे-छोटे बच्चों को काफी दूर अन्य जिलों के विद्यालयों में शिक्षा अर्जन करने जाना पड़ता है। स्थानीय लोगों की जरूरत एवं सहूलियत को दृष्टिगत रखते हुए मैंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों का सूचित करने के साथ-साथ कई बार पत्र व्यवहार भी किया है। अमरेली जिले में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु आवश्यक जमीन मेरे द्वारा उपलब्ध कराये जाने के बारे में सूचित करते हुए जिलाधिकारी, अमरेली द्वारा केन्द्रीय विद्यालय संगठन को अनुरोध किया गया था परंतु केन्द्रीय विद्यालय के संयुक्त आयुक्त द्वारा जिलाधिकारी, अमरेली को सूचित किया गया कि कुछ विसंगतियों के चलते उनके अनुरोध को नहीं माना जा सकता।

अतः मैं माननीय मंत्री महोदय जी से अनुरोध करता हूँ कि जनहित में अमरेली, गुजरात में **"स्पेशल केस"** के तौर पर केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें। इसके लिए यदि आवश्यक हो तो केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के नियमों में भी कुछ शिथिलता प्रदान की जाये।